**प्रेस विज्ञप्ति**

**इलेक्टोरल बांड स्कीम, 2018**

**भारतीय स्टेट बैंक की प्राधिकृत की शाखाएं शाखाओं में इलेक्टोरल बांड की बिक्री**

भारत सरकार ने दिनांक 02 जनवरी , 2018 के राजपत्र अधिसूचना संख्या 20 द्वारा इलेक्टोरल बांड स्कीम, 2018 अधिसूचित की है। स्कीम के प्रावधानों के अनुसार , इलेक्टोरल बांड किसी भी व्यक्ति द्वारा खरीदा जा सकता है , जो भारत का नागरिक है या भारत में निगमित या स्थापित है। एक व्यक्ति व्यष्टि की हैसियत से अकेले या अन्य व्यष्टियों के साथ संयुक्त रूप से इलेक्टोरल बांड खरीद सकता है। जनप्रतिनिधि अधिनियम , 1951 (1951 का 43) की धारा 29(क) के तहत पंजीकृत राजनीतिक पार्टियां ही जिन्हें संसद या राज्य विधानसभा के पिछले आम चुनाव में डाले गए वोट में कम से कम एक प्रतिशत मत प्राप्त हुआ हो, इलेक्टोरल बांड प्राप्त करने के पात्र होंगे। बांड का नकदीकरण पात्र राजनीतिक पार्टी द्वारा केवल प्राधिकृत बैंक के बैंक खाते के जरिए होगा।

2. भारतीय स्टेट बैंक को , बिक्री के चौथे चरण में तारीख 02.07.2018 से 11.07.2018 तक अपनी 11 प्राधिकृत शाखाओं (संलग्न सूची के अनुसार) इलेक्टोरल बांड जारी करने और भुनाने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

3. यह विदित हो कि इलेक्टोरल बांड , अपने निर्गम की तारीख से 15 कैलेंडर दिनों के लिए वैध होंगे और यदि बांड वैध अवधि की समाप्ति के बाद जमा किया जाता है , तो किसी आदाता राजनीतिक पार्टी को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। किसी पात्र राजनीतिक पार्टी द्वारा अपने खाते में जमा किए गए बांड को उसी दिन क्रेडिट किया जाएगा।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग
नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली-11001
तारीख: 29 जून, 2018

**इलेक्टोरल बांड स्कीम, 2018**

**चौथा चरण: 02-11 जुलाई, 2018**

**भारतीय स्टेट बैंक की प्राधिकृत की शाखाएं**

| क्र. सं. | राज्य | शाखा का नाम और पता | शाखा कोड सं. | मौजूदा/नया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दिल्ली | नई दिल्ली मुख्य शाखा , 11, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001 | 00691 | **मौजूदा** |
| 2 | गुजरात | गांधीनगर शाखा, पहली मंजिल, क्षेत्रीय कार्यालय सेक्टर 10 बी गांधीनगर जिला: गांधीनगर,गुजरात पिन: 382010. | 01355 | **मौजूदा** |
| 3 | हरियाणा और पंजाब | चंडीगढ़ मुख्य शाखा , एस.सी.ओ.43-48, बैंकिंग स्क्वायर , सेक्टर -17 बी, चंडीगढ़ , जिला : चंडीगढ़ राज्य: चंडीगढ़ , पिन: 160017 | 00628 | **मौजूदा** |
| 4 | कर्नाटक | बैंगलोर मुख्य शाखा , पोस्ट बैग नं.5310, सेंट मार्क्स रोड, बैंगलोर, जिला: बैंगलोर शहरी , राज्य: कर्नाटक , पिन: 560001 | 00813 | **मौजूदा** |
| 5 | मध्य प्रदेश | भोपाल मुख्य शाखा , टी.टी. नगर , भोपाल -462003, भोपाल, मध्य प्रदेश , जिला: भोपाल, राज्य: मध्य प्रदेश, पिन: 462003 | 01308 | **मौजूदा** |
| 6 | महाराष्ट्र | मुंबई मुख्य शाखा, मुंबई समाचार मार्ग हॉर्निमान सर्किल, फोर्ट, मुंबई, महाराष्ट्र , पिन:400001 | 00300 | **मौजूदा** |
| 7 | राजस्थान | जयपुर मुख्य शाखा, पी.बी. नं.72, सैंगनेरी गेटजयपुर, राजस्थान जिला: जयपुर, राज्य: राजस्थान, पिन: 302003 | 00656 | **मौजूदा** |
| 8 | तमिलनाडु | चेन्नईमुख्य शाखा, 336/166, थम्बूचेटी मार्ग,पैरीज, चेन्नई, राज्य: तमिलनाडु पिन: 600001 | 00800 | **मौजूदा** |
| 9 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ मुख्य शाखा , तारावली कोठी , मोतीमहल मार्ग , हजरतगंज , लखनऊ , उत्तर प्रदेश जिला: लखनऊ , राज्य: उत्तर प्रदेश, पिन: 226001 | 00125 | **मौजूदा** |
| 10 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता मुख्य शाखा , समृद्धि भवन 1, स्ट्रैंडरोड , कोलकाता, पश्चिम बंगाल , जिला:कोलकाता, राज्य: पश्चिम बंगाल, पिन: 700001 | 00001 | **मौजूदा** |
| 1 1 | असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड,सिक्किम, त्रिपुरा | गुवाहाटी शाखा ,पान बाजार, एमजी रोड , कामरूप , गुवाहाटी पिन: 781001 | 00078 | **मौजूदा** |